# <u>वार्षिक प्रगति प्रतिवेदन</u>

अप्रैल 2020 से मार्च 2021 तक)



भगवान मानव कल्याण समिति

ग्राम . पोस्ट अरियासो, तहसील_ घोसी, जनपद मऊ

उत्तर प्रदेश, पिन कोड कोड 275105

फोन नं 94252050368, 6386179151

ईमेल bmksmau@gmail.com

भगवान मानव कल्याण समिति अरियासो , घोसी – मऊ की गठन के 10 वर्ष पूरा होने पर हम आप सभी लोगो को धन्यवाद देना चाहेगे । यह संस्था पिछले 10 वर्षो से उ0प्र0 के मऊ जनपद में घोसी विकास खण्ड के अन्तर्गत सघन रूप से कार्य कर रही है । संस्था गरीब एवं असहायो की सेवा में निरन्तर प्रयत्नशील है । यह संस्था नारी सशक्तिकरण , स्वास्थ चिकित्सा षिविर , किसान गोष्ठी तथा पंचायतीराज व्यवस्था में महिलाओं की भागीदारी हेतु सक्रीय प्रयास कर रही है ।

इस संस्था का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना जिसके लिए स्वयं सहायता समूहो का गठन , नारी संघ का निर्माण अषिक्षित महिलाओं को साक्षर करना , षिक्षित बेरोजगार व्यवसायिक पुरूषो को प्रषिक्षण दिलवाना , असहाय एवं गरीब व्यक्तियो की निशुल्क चिकित्सकीय जाच कराना तथा उनको दवा उपलब्ध कराना , नेत्र सुरक्षा हेतु नेत्र परीक्षण कराना तथा मुफ्त मे चश्मा वितरण करना , किसानो की अधिक पैदावार बढाने के लिए जगह जगह पर किसान कोष्ठी का आयोजन करना , महिलाओं की घटती हुई संख्या को देखते हुए कन्या भ्रूण हत्या रोकने के लिए जागरूकता षिविर का आयोजन करना , एड्स जैसी लाइलाज विमारी से बचाव हेतु एड्स जागरूकता षिविर का आयोजन करना आदि मुख्य उद्देष्य है ।

संस्था का आगामी प्रयास यह रहेगा की ब्लाक स्तरीय नारी महासंघ के अलावा जिला स्तरीय नारी मंच का गठन किया जाए जिसमें महिलाएं स्वयं जागरूक हो कर अपने हक एवं अधिकार को मागने लगे । इसके अलावा संस्था का यह प्रयास होगा की पारदर्शी जवावदेह स्थानीय स्वशासन में नियोजित स्थाई विकास हो , ग्राम स्वराज्य स्थापित हो समाज के वंचित समुदाय को बुनियादी प्राथमिक सुविधाएं और आजीविका का हक प्राप्त हो , सामाजिक समरसता , आपसी भाई चारा कायम रहे , भोजन षिक्षा , स्वास्थ , रोजगार व सम्मान पूर्वक सभी को जीने का अवसर प्राप्त हो ।

हम आभार प्रकट करना चाहेगे पानी पी0एस0टी0 टीम – फैजाबाद की जिनके मार्गदषन में संस्था अपने विजन और मिषन में निरन्तर आगे बढ़ रही है । हम धन्यवाद देना चाहेगे इस संस्था के सभी कार्यकर्त्ताओं एंव स्वयं सेवको को जिन्होने इस संस्था के कार्याक्रमो को सफल बनाने में अपना अमुल्य समय एवं सहयोग प्रदान किया ।

सधन्यवाद सहित

आपका
रमेष चन्द्र सिंह
सचिव / प्रबन्धक

# संस्था की पृ"ठ भूमि

भगवान मानव कल्याण समिति  एक गैर सरकारी , गैर राजनितिक एवं अलाभकारी स्वयं सेवी संगठन है जो समाज से वंचित असहाय लोगो के सेवा के लिए समर्पित साथियो के सहायोग से स्थापित किया गया है संस्था का गठन 2000 में हुआ था जिसको वैद्यानिक दर्जा प्राप्त करने हेतु 2002 में सोसाइटी रजिस्ट्रेशन एक्ट 1860 की धारा 21 के अर्न्तगत पंजिकृत कराया गया । विदेषी अभिदाय विनियमन अधिनियम (F.C.R.A.) 2004 में कराया गया। संस्था का आयकर अधिनियम 1961 की धारा 12क के अर्न्तगत दिनांक 1/4/07 को कराया गया ।

संस्था विगत 10 वर्षो से गरीबो की सेवा में निरन्तर प्रयत्नशील है । वर्तमान समय में संस्था सरदोराब जी टाटा ट्रस्ट एवं आर0डी0 टाटा ट्रस्ट – मुम्मबई के सहायोग से मऊ जनपद के घोसी ब्लाक में 40 ग्राम पंचायतो में महिला सशक्तिकरण पर विषे"ा रूप से प्रयास कर रही है जिसमें पुरवावार महिला मण्डल का गठन , ग्राम पंचायत स्तरीय नारी संघ का निर्माण एंव ब्लाक स्तरीय नारी महासंघ का निर्माण किया जा रहा है । तथा नावार्ड के सहयोग से 10 ग्राम पंचायतो में स्वयं सहायता समूह का गठन किया जा रहा है।

**दृष्टिकोण –**

संस्था महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज्य / ग्राम व्यवस्था , मदर टेरेसा के गरीब असहायो की चिकित्सकीय सेवा , सन्त विनोवा भावे , सन्त फ्रन्सीस , मदन मोहन मालवीय , स्वामीविवेकानन्द आदि समाज सेवको एवं विचारको से प्रभावित होकर उनके व्यावहारिक चिन्तन को मुर्त रूप प्रदान करने हेतु नागरिको की सिधी भागीदारी द्वारा गरीब , उपेक्षित एवं हासिये पर खड़े जरूरत मन्द लोगो को सामाजिक , आर्थिक एवं सास्कृतिक विकास कर मूल्य आधारित ( षाS"ाण मुक्त ) समतामूलक टिकाऊ , समाजिक , आर्थिक एवं वैज्ञानिक व्यवस्था हेतु कार्य करना है ।

**विजन –**

संस्था का स्वप्न एक शोषणरहित समाज की स्थापना करना है जहां लोगों की बेतहर स्वास्थ्य षिक्षा तक पहुॅच हो और वे बेहतर जीवन जी सके ।

**मिषन –**

विभिन्न समुदायों को संगठित कर उन्हें शसक्त करना ताकि वे स्वतंत्र एवं आत्म निर्भर होकर सम्पूर्ण जीवन जी सके खास तौर से उन अबला महिलाओं एवं समाज से उपेक्षित पुरूषों की जो की आज भी हासिये पर खड़े है।

**लक्ष्य –**

संस्था का मुख्य लक्ष्य समाज के आर्थिक , पिछड़े , जरूरतमंद , असहाय , वंचित एवं समस्याग्रस्त लोगों का सहायोग करना ताकि वे निर्धारित अवधि में स्वावलम्बी , आत्मनिर्भर एवं सक्षम होकर समाज एवं निर्माण के मुख्य धारा में जुड़कर अपने महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन कर सकें ।

## <u>कोरोना जागरूकता शिविर</u>

भगवान मानव कल्याण समिति द्वारा कोरोना महामारी को देखते हुए लगातार इसके बचाव हेतु जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया भगवान मानव कल्याण समिति, अरियासो, घोसी के तत्वावधान में दिनांक 29/04/2020 को घोसी ब्लाक में COVID 19 से पीडित गरीब परिवारों को खाद्य सामग्री वितरित किया गया जिसमें आटा, चावल, दाल, सरसों का तेल, मसाला, आलू, साबुन, सर्फ इत्यादि खाद्य सामाग्री दिया गया । साथ ही साथ कोरोना वायरस से बचाव हेतु मास्क एवं हैंड्वाश का वितरण किया गया । तथा कोरोना जैसी जानलेवा बीमारी से बचाव हेतु उपाय सुझाये गये ।

संस्था सचिव रमेश चंद सिंह ने कहा कि कोरोना वायरस एक जानलेवा बीमारी है जो चीन से चलकर पूरे विश्व में फैल चूका है । इस बीमारी का इलाज अभी तक सम्भव नही हो पाया है, केवल बचाव ही एक मात्र इसकी दवा है । उन्होनें कहा कि इस लाकडाउन में ज्यादे से ज्यादे समय घर में ही रहें और यदि अति आवश्यक कार्य हो तभी घर से बाहर निकलें । दुकान पर सामान लेते समय कम से कम 3 फीट कि दूरी बनयें रखें और दिन में कम से कम 4-5 बार हाथ को साबुन से अवश्य धोते रहें तथा ज्यादे से ज्यादे गरम पानी का प्रयोग करें । यदि कोई परेशानी हो तो 112 नम्बर या संस्था के मो. न, 9452050368 पर सम्पर्क कर सकते हैं । संस्था आपका पूर्ण सहयोग करने के लिए सदैव तत्पर है ।

## माह अप्रैळ 2020 में

| sr. no. | date | place | mask | Labharthi/family |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 09.04.2020 | Ghosi(mushar basti) Prathamic school ghosi | 210 | 50 |
| 2 | 12.04.2020 | Majharamod ghosi | 140 | 45 |
| 3 | 22.04.2020 | Lala ki chhawani ghosi | 175 | 73 |
| 4 | 23.04.2020 | Karimuddinpur | 310 | 74 |
| 5 | 26.04.2020 | badagav ghosi | 380 | 65 |
| 6 | 29.04.2020 | dadanpur | 190 | 30 |
| 7 | 30.04.2020 | kalyanpur | 360 | 36 |

प्रचार प्रसार

| क्रम | दिनांक | place |
|---|---|---|
| 1 | 05.04.2020 | अरियासो , bhawanpur,bhatauli malik, khanpur, nadawal, dadanpur |
| 2 | 06.04.2020 | kuchai+ itaurakhurd, kunda sharif, sipah imbrahimabad |
| 3 | 15.04.2020 | sharayganesh, rasadi, baruha, majhawara |
| 4 | 19.04.2020 | tadiyav, kalyanpur, hajipur |
| 5 | 24.04.2020 | muhhamdabad, varabadih koriyapar |
| 6 | 28.04.2020 | amila, bojhi, pandeypar |
| 7 | 30.04.2020 | doharighat, latghat, chiutidad, gotha |







**मई 2020**

| Sr. no. | date | place | mask | Lunch box | rashan | Labharthi |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 02.05.2020 | Karimuddinpur bagahi | 140 | | 33 | 33 |
| 2 | 03.05.2020 | Majhawarmod dom basti | 50 | 210 | | 210 |
| 3 | 04.05.2020 | Jamlapur (chinimil k pass) | 40 | | 21 | 21 |
| 4 | 08.05.2020 | Majhwaramod ghosi | 120 | 30 | | 30 |
| 5 | 09.05.2020 | Majhawaramod ghosi | 108 | 50 | | 50 |
| 6 | 10.05.2020 | Gauridih | 140 | | 40 | 40 |
| 7 | 11.05.2020 | Majhwaramod ghosi | 210 | 44 | | 44 |
| 8 | 13.05.2020 | Majhwaramod ghosi | 300 | 34 | | 34 |
| 9 | 14.05.2020 | Majhwaramod ghosi | 200 | 30 | 20 | 50 |
| 10 | 15.05.2020 | Majhwaramod ghosi | 180 | 80 | | 80 |
| 11 | 16.05.2020 | Majhwaramod | 500 | 350 | | 350 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | ghosi | | | | |
| 12 | 18.05.2020 | Maubojh dom basti | 80 | | 20 | 20 |
| 13 | 19.05.2020 | Dharauli dom basti | 30 | | 15 | 15 |
| 14 | 21.05.2020 | Majhwaramod ghosi | 410 | 200 | | 200 |
| 15 | 22.05.2020 | Bus station ghosi | 340 | 150 | | 150 |
| 16 | 23.05.2020 | Bus station ghosi | 332 | 200 | | 200 |
| 17 | 24.05.2020 | Chhawani ghosi | 272 | 150 | | 150 |
| 18 | 28.05.2020 | Majhwaramod ghosi | 540 | 210 | | 210 |
| 19 | 30.05.2020 | Majhwaramod ghosi | 170 | 100 | | 100 |

## प्रचार प्रसार

| क्रम | दिनांक | place |
|---|---|---|
| 1 | 05.05.2020 | Itaura chaubeypur, nadavasaray, siyabasti, bhikharipur |
| 2 | 07.05.2020 | Bhapaura, rasulpur, hasapur, |
| 3 | 20.05.2020 | Badagav, bagahi, karimudinpur, haridaspur |



**आयुर्वेद जागरूकता शिविर**

स्थान मझवारा मोड़ घोसी

दिनांक 16/06/2020

प्रतिभागी 125

संस्था धवारा आयुर्वेद के प्रचार प्रसार एवम लोगो को आयुर्वेद के बारे में जानकारी देने के लिए आयुर्वेद जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। रिसोर्स पर्सन के रूप में वैध बी बी सिंह ने लोगो को बताया कि आयुर्वेद को अपना कर हम अपने पुराने से पुराने लाइलाज बीमारी का भी इलाज कर सकते है। उन्होंने कहा कि चरक संहिता में वर्णित आयुर्वेदिक जड़ी बूटी से हमारे ऋषि मुनियों ने सभी का इलाज करते थे और लोग सौ वर्ष तक जीवित रहते थे। उन्होंने आगे कहा कि पतंजलि सुश्रुत चरक इत्यादि ऋषियों ने आयुर्वेद को अपना कर लोगो को न्याय जिंदगी दिया। चवन ऋषि ने चवनप्रास के माध्यम से लोगो को रोग प्रतिरोधक क्षतमा को बढ़ाने एम मदद करते थे। उन्होंने आगे कहा कि हमारे देश में जड़ी बूटियों की अपार संपदा है जिसका सभी को लाभ उठाना चाहिए। आयुर्वेद का कोई दुष्परिणाम भी नही होता है।

## ग्राम संसद का आयोजन

**भगवान मानव कल्याण समिति द्वारा विकास खण्ड घोसी के तीन ग्राम पंचायतो में ग्राम संसद का आयोजन किया गया  जो निम्नवत है –**

| क्र0 | स्थान | दिनांक | प्रतिभागियो की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | माछिल जमीन माछिल | 10/08/2020 | 280 |
| 2 | पिढ़वल | 15/07/2020 | 262 |
| 3 | कस्बा खास घोसी | 25/07/2020 | 280 |

संस्था धारा लोगो को पंचायती राज्य व्यवस्था पर जागरूक करने के लिए ग्राम संसद का आयोजन किया गया। रिसोर्स पर्सन के रूप में ग्रामीण विकास प्रयास समिति से आए हुए रामप्रवेश भाई ने बताया कि 73वा संविधान संशोधन के बाद पंचायतों को ज्यादे से ज्यादे अधिकार दिए गए जिसमे अनुसूचित जाति, अनुसूचित जानि जाति, पिछड़ी जाति एवम महिलाओं को आरक्षण का प्रावधान किया गया। प्रधान के सहयोग के लिए गांव में 6 समितियों का गठन किया गया। सरकार धारा लोगो को अपनी योजना स्वयं बनाने के लिए प्रेरित किया गया। राज्य वित्त आयोग और केंद्रीय वित्त आयोग धारा ग्राम पंचायतों को बजट देने का प्रावधान किया गया। ग्राम सभा धारा अपनी कार्ययोजन बना कर स्वयं बजट खर्च करने के लिए प्रावधान किया गया।



**<u>सहभोज कार्यक्रम</u>**

**स्थान** – लाखीपुर

**दिनांक** 15/08/2020

**प्रतिभागी** 315

**कार्यक्रम का उद्देष्य** – सहभोज कार्यक्रम का मुख्य उद्देष्य आपसी भाई चारा जाति कुप्रथा को खत्म करना एवं हर वर्ग के लोगो को एक साथा बैठक कर भोजन करना ।

संस्था भगवान मानव कल्याण समिति द्वारा स्वत्रंतता दिवस के षुभ अवसर पर ग्राम पचांयत लाखीपुर में सहभोज कार्यक्रम किया गया। जिसमें नारी संघ एवं ग्राम पंचायत प्रतिनिधि एवं ग्राम पंचायत के सदस्यो ने सहभाग किया जिसमें कुल 315 लोगो ने सहभागिता किया । सहभोज कार्यक्रम में नारी संघ एवं ग्राम पंचायत के लोगो द्वारा ग्राम पंचायत प्रतिनिधियो के समक्ष ग्राम पंचायत की समस्याओं पर चर्चा किया गया जिसमें सड़क, नाली, खड़ज्जा, वृद्वा, विधवा एवं विकलांग पेंषन, ग्राम सभा की नियमित खुली बैठक, ग्राम स्वास्थ्य पो"ाण दिवस एवं कुपो"ाण इत्यादि वि"ायो पर चर्चा किया गया। कार्यक्रम के अन्त में ग्राम सभा की साफ सफाई की गयी ओर लोगो को स्वच्छता अपनाने पर जागरूक किया गया।



**<u>निःशुल्क नेत्र जांच शिविर</u>**

**स्थान प्राथमिक विद्यालय अरियासो**

**दिनांक** 20/09/2020

**प्रतिभागी** 152

भगवान मानव कल्याण समिति, अरियासों, घोसी मऊ द्वारा विकास खण्ड घोसी के समस्त ग्राम पंचायतों में असहाय वृद्ध महिला एवं पुरूशों के लिए ग्राम पंचायत अरियासों पर ऑख जॉच शिविर का आयोजन किया गया जिसमें संस्था प्रबन्धक श्री रमेश चन्द द्वारा बताया गया कि संस्थान ग्राम पंचायतों में निवास कर रहे असहाय बृद्ध जनों की आँखों की जॉच

इस लिए कराती है जिससे वह अपने नित्यकर्म कार्य स्वयं कर सके तथा वे दुसरों पर आश्रित न रहे जिससे परिवार में उनका मान -सम्मान बना रहे एवं अपने परिवार के सदस्यों का सही मार्गदन कर सके जिससे परिवार, गॉव एवं समाज विकास की राह पर अग्रसर हो सके। ऑख जॉच में उपस्थित डा0 राजन कुमार यादव, डा0 अमरीश कुमार पाण्डेय ने शिविर में उपस्थित समुदाय को सम्बोधित करते हुए कहा कि ऑख शरीर का एक बहुत ही महत्वपूर्ण अंग है जिसके सुरक्षा में हम लोग काफी लापरवाह होते है, धूल, मिट्टी आदि हमारी आँखों में जाकर हमारे ऑख को खराब कर देते है। शरीर के इस अंग को लेकर हम लोगों को आगे से काफी सावधान रहना होगा जिससे हम लोग अपनी स्वयं की आखों से इस प्राकृतिक नजारों को देख सके।

**किसान गोष्ठी**

स्थान डी एस एस ए महाविद्यालय घोसी
दिनांक 10/10/2020

संस्था द्वारा घोसी विकास खण्ड के अंतर्गत क्षेत्रीय किसानों को कम लागत में अधिक पैदावार बढ़ाने के लिए किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। रिसोर्स पर्सन श्री डी एस सिंह ने किसानों को जैविक विधि से खेती करने फसलों को सुरक्षित रखने तथा फसलों को कीटो से कैसे बचाया जाए इसपर जानकारी दिया। उन्होंने किसानों को बताया कि कई ऐसी फासले है जिसको जमा एक साथ दो फसल ले सकते है जैसे किसान पहले गन्ने का फसल बो कर उसमे सब्जी लगा सकते है तथा गन्ने के साथ खीरा, तरबूज, ककरी इत्यादि का फसल उगाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा किसानों को फसली बीमा कराया जाता है जिसका नुकसान होने पर बीमा कंपनी मुआवजा देती है। उन्होंने आगे बताया कि बीज का भंडारण करते समय किसानों को बहुत ही सावधान रहना चाहिए जिससे उनका बीज बर्बाद न होने पाए।

**<u>2 अक्टूबर गांधी एवं लाल बहादुर षास्त्री जयंती कार्यक्रम</u>**

**स्थान** संस्था कार्यालय अरियसो

**दिनांक** 02/10/202०

**प्रतिभागी** 192

संस्था द्वारा गंधी एवं लाल बहादुर षास्त्री जयंती का आयोजन किया गया जिसमें महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज की अवधारणा तथा लाल बहादुर षास्त्री के सादगी पर विस्तार से चर्चा किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संस्था अध्यक्ष श्री षे"ानाथ ने कहा की महात्मा गांधी ने ग्राम स्वराज की अवधारणा की परिकल्पना की थी की जबतक गॅाव के लोग स्वयं अवना साषन सुचारू रूप से संचालित नही करेगें तब तक हम पूर्ण स्वराज्य की परिकल्पना नही कर सकते है। आप हम महात्मा गॅाधी क बताए हुए रास्ते पर चल कर के ही पूर्ण ग्राम स्वराज्य ला सकते है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संस्था सचिव रमेष चन्द्र सिंह ने कहा की लाल बहादुर षास्त्री प्रधानमंत्री होते हुए भी सादगी के प्रतिमूर्त थे। उनका दिया हुआ नारा **जय जवान – जय किषान** आज के युवा पिढ़ि को रा"Vª प्रेम के प्रति संबेदित करता है।

**<u>कानूनी जन सुनवाई</u>**

**स्थान पंचायत भवन राघौली**

**दिनांक** 07/11/2020

**प्रतिभागी** 220

संस्था द्वारा लोगो को अपने कानूनी अधिकारो को जानने के लिए कानूनी जन सनवाई का आयोजन किया गया । कायक्रम में रिर्सोस पर्सन एडवोकेट राजकुमार साहनी ने कहा की हम सभी को मौलिक अधिकारो के साथ साथ गरिमापूर्ण जीवन जीने का अधिकार संविधान द्वारा दिया गया है कोई भी व्यक्ति चाहे वह किसी भी पद पर क्यो न हो सभी को समानता का अधिकार मिला हुआ है। छोटे छोटे झगड़ो को आपस में ही मिल बैठकर हमे सुलझा लेनो चाहिए। यदि कोई बड़ विवाद होतो है तो इसके लिए थाने में एफआईआर दर्ज कराना चाहिए। कोई मामला ज्यादे दिन से लम्बित है तो जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा समय समय पर



लोग अदालत का आयोजन किया जाता है जिसके माध्यम से समस्यओां का निस्तारण किया जाता है। यदि कोई व्यक्ति या महिला गरीब है और कोई मामला कोर्ट में लम्बीत है तो उसके

लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण निषुल्क विधिक सहायता भी उपलब्ध कराता है। इसके लिए प्रार्थि को एक लिखित आवेदन सचिव/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के नाम देना होता है इसके साथ ही उन्होने महिला उत्पीडन, घरेलू महिला हिंसा , बाल संरक्षण इत्यदि वि"ाय पर चर्चा किया गया।

## <u>दिव्यांग जागरूकता शिविर</u>

**भगवान मानव कल्याण समिति द्वारा विकास खण्ड घोसी के दो ग्राम पंचायतो में** दिव्यांग जागरूकता शिविर **का आयोजन किया गया जो निम्नवत है –**

| क्र0 | स्थान | दिनांक | प्रतिभागियो की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | पंचायत भवन मझवारा | 03/12/2020 | 275 |
| 2 | पंचायत **भवन** कल्याणपुर | 05/12/2020 | 260 |

संस्था द्वारा दिव्यांग स्वावलंम्बन कार्यक्रम के अन्तर्गत दिव्यांग जागरूकता षिविर का अयोजन किया गया इस षिविर में भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा दिब्यांगो के लिए चलाए जा रहे कल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया गया । षिविर को सम्बोधित करते हुए संस्था के प्रोजेक्ट डायरेक्टर श्रीमती पूनम सिंह ने कहा की दिव्यांगो के लिए भारत सरकार का समाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा कई तरह की कल्याणकारी योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। जिसमें ट्राई साइकिल, श्रवण यत्र, छडी इत्यादि प्रदान किये जाते है इसके लिए दिब्यांगो को अपना आइनाइन पंजीकरण कराना होता है जिनका अभीतक दिव्यांग प्रमाणपत्र नही बना है वह अपना आनलाईन आवेदन करके प्रमाणपत्र बनवा ले। सरकार द्वारा दिव्यांगो के षादी हेतु अनुदान दिया जा रहा है जिसका फार्म दिव्यांग कल्याण कार्यालय मऊ से प्राप्त किया जा सकता है।



संस्था के प्रयास से दिव्योगो के कराये गये कार्य।

1. ट्राईसाइकिल – 22
2. सिलाईमषीन – 05

3. दिब्यांग पेषन – 72
4. दिब्यांग प्रमाण पत्र – 142
5. यात्रा पास – 21

**मानव अधिकार दिवस**

स्थान डी एस एस ए महाविद्यालय घोसी

दिनांक 10/12/2020

प्रतिभागी 235

संस्था द्वारा मानवाधिकार दिवस का आयोजन किया गया। जिसमे लोगोको संविधान में प्रदत्त मानव अधिकारों के बारे में विस्तार से बताया गया। रिसोर्स पर्सन के रूप में अनिल कुमार मिश्र एडवोकेट द्वारा लोगो को ये बताया गया कि हम संविधान द्वारा गरिमापूर्ण जीवन जीने का अधिकार मिला हुआ है। कोई भी अधिकारी किसी भी व्यक्ति का चाहे वह बड़ा हो या छोटा उसके मानवाधिकार का हनन नहीं कर सकता है। भारतीय संविधान में सभी लोगो को एक समान अधिकार दिए गए है। जिसमे स्वत्रता का अधिकार किसी भी धर्म को अपनाने का अधिकार, किसी भी राज्य में निवास करने का अधिकार दिया गया है। सरकार द्वारा लोगो को मौलिक अधिकार दिए गए है। जिसमे रोटी कपड़ा और मकान का प्रयोधान है।

**रंगोली प्रतियोगिता**

स्थान सीताकुंड घोसी

दिनांक 20/01/2021

प्रतिभागी 140

संस्था धारा किशोरियों के कलात्मक एवम सार्वभौमिक विकाश के लिए रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता एम घोसी ब्लॉक की विभिन्न ग्राम पंचायतों से किशोरियों ने बाद चढ़ कर हिस्सा लिया। तरह तरह के रंगोली किशोरियों धारा बनाया गया। निर्णायक मंडल धारा प्रथम द्वितीय एवम तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को शील्ड प्रदान किया गया। तथा जितने भी प्रतिभागी इस प्रतियोगिता में भाग लिए थे सभी को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य अथिति के रूप में राज्य महिला आयोग

सदस्य श्रीमति अर्चना उपाध्याय रही। इस कार्यक्रम में दवा विक्रेता कल्याण समिति के अध्यक्ष श्री अरविंद कुमार पाण्डेय, महामंत्री निर्भय कुमार पाण्डेय, संरक्षक तीर्थराज सिंह का विशेष सहयोग रहा।

## 26 जनवरी गणतंत्र दिवस कार्यक्रम

स्थान संस्था कार्यालय अरियासो

दिनांक 26/01/2021

संस्था द्वारा 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर सदस्यों एवं प्राथमिक विद्यालय के बच्चो द्वारा प्रभात फेरी निकाली गई तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम एवम खेलकूद का आयोजन किया गया।

## **कोरोना जागरूकता शिविर**

स्थान कुमार परमार्थ महाविद्यालय कल्याणपुर

दिनांक 18/02/2021

प्रतिभागी 255




भारतवर्ष में नई महामारी कोविड 19 का पता चलने के बाद संस्था द्वारा लोगो को जागरूक करने का कार्यक्रम चलाया गया। जिसमे इस बीमारी से बचने के लिए उपाय पर चर्चा किया गया। लोगो को यह बताया गया कि यह बीमारी बहुत ही तेजी से अपने देश में पाव पसार रही है इसका अभी तक कोई इलाज संभव नही हो पाया है। समाजिक दूरी मास्क लगाना हाथ को बार बार धोना सेनेटाइजर का प्रयोग करना इत्यादि ही इसका एक मात्र बचाव है।

## <u>मतदाता जागरूकता शिविर</u>

**भगवान मानव कल्याण समिति द्वारा विकास खण्ड घोसी के दो ग्राम पंचायतो में** मतदाता जागरूकता शिविर **का आयोजन किया गया जो निम्नवत है –**

| क्र0 | स्थान | दिनांक | प्रतिभागियो की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | मझवारा मोड़ घोसी | 12/03/2021 | 380 |
| 2 | पंचायत भवन धरौली | 20/03/2021 | 386 |

संस्था द्वारा स्थानिय पंचायत चुनाव में लोगो को सही मतदान करने हेतु मतदाता जागरूकता षिविर का आयोजन किया गया इस षिविर में 73वॉ संविधान संषोधन के बारे में लोगो को बताया गया साथ ही पंचायती राज व्यवस्था की अवधारणा पर चर्चा किया गया। षिविर को सम्बोधित करते हुए दवा विक्रेता कल्याण समिति के अध्यक्ष श्री अरविन्द कुमार पाण्डेय ने कहा की त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था का उद्देष्य हर वर्ग के लोगो का पंचायत में प्रतिनिधित्व करने का अधिकार देता है। सबसे पहले हम सभी लोगो को यह सुनिष्चित कर लेना चाहिए की हमारे गॉव में जितने भी 18 वर्ष के उपर महिला या पुरू"ा है उनका नाम मतदाता सूची में दर्ज है की नही यदि नही है तो सम्बन्धित ग्राम पंचायत के बी0एल0ओ0 से मिलकर अपना नाम मतदाता सूची में जर्द करवा लेना चाहिए। मतदान के समय सुयोग्य प्रत्यासी का चुनाव करना चाहिए जो अपने ग्राम पंचायत के विकास के लिए पाच षाल तक अच्छा कार्य करे। मतदान के दिन मतदाता पहचान के रूप में राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा लागू किये गये किसी भी विकल्प के साथ ही मतदान बूथ पर जाना चाहिए जिससे मत देने में हमें कोई असुविधा न हो।



**फूलो की होली**

संस्था द्वारा हिन्दू मुस्लिम एकता एवं आपसी सौहार्द बढाने के लिए तथा आससी भाई चारा कायम रखने के लिए फूलो की होली कार्यक्रम का आयोजन किया गया था जो बस स्टेषन घोसी से प्रारम्भ होकर मझवारा मोड़ घोसी गॉधी प्रतिमा तक आकर के समाप्त हुआ। इस कार्यक्रम में हिन्दू मुस्लिम सभी एक दूसरे पर फूलो की व"ाा कर रहे थे तथा होली की षुभ कामानांए दे रहे थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए समाज सेवी श्री मन्नान खॉ ने कहा की आज हर तरफ लोग हिन्दू मुस्लिम को आपस में लड़ा रहे है लेकिन हम लोगो ने मिल करे के घोसी वासियो को यह संदेष दिया है कि चाहे कुछ भी हो हम घोसी के लोग हिन्दू मुस्लिम एकता को कायम रखेगे तथा हिन्दुओं की होली मुसलमानो का ईद या कोई भी पर्व हम लोग आपसी सौहार्द के साथ मनाऐगे कार्यक्रम में सी0ओ0 घोसी, कोतवाल घोसी, दवा विक्रेता कल्याण घोसी के पदाधिकारी एवं सदस्य , भगवान मानव कल्याण समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य तथा स्थानिय बृद्वजीवो ने इस कार्यक्रम को बहुत ही सराहा।



## प्रबन्धकारिणी समिति के पदाधिकारियो एवं सदस्यो की सूची

| क्र0 | नाम | पद |
|---|---|---|
| 1 | श्री षेषनाथ | अध्यक्ष |
| 2 | श्री देवेष कुमार | उपाध्यक्ष |
| 3 | श्री रमेष चन्द्र सिंह | सचिव / प्रबन्धक |
| 4 | श्रीमती रंजना | कोषाध्यक्ष |
| 5 | श्री भूपेष कुमार | लेखा परीक्षक |

| | | |
|---|---|---|
| 6 | श्री रामसमुझ | सदस्य |
| 7 | श्री राजेष कुमार | सदस्य |
| 8 | श्रीमती कमलावती | सदस्य |
| 9 | श्रीमती ऊषा | सदस्य |

**साथी सस्था/तकनीकि सहयोग संस्था की सूची –**

| क्र0 | साथी संस्था | तकनीकि सहयोग संस्था |
|---|---|---|
| 1 | साथी उत्तर प्रदेष – फैजाबाद | पानी संस्थान – फैजाबाद |
| 2 | उपवन – लखनऊ | ग्रामीण विकास संस्थान – मऊ |
| 3 | वात्सल्य – लखनऊ | |
| 4 | सहयोग – लखलऊ | |
| 5 | सी0फार0 – जयपुर | |